दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 99 मुरादाबाद 03 August 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, लीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## योगी कैबिनेट मीटिंग : अयोध्या में भी विश्वनाथ कॉरीडोर जैसी सुविधाएं होंगी

लोकभवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। इस दौरान 13 अहम प्रस्ताव पर मुहर लगी। 11 नगर पंचायत और नगर पालिका परिषद का सीमा विस्तार संबंधी नगर विकास विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। वहीं अयोध्या राममंदिर के आस पास सड़क मार्ग का निर्माण व सौंदर्यकरण होगा। राममंदिर के मुख्यमार्ग पर सारी नगरीय सुविधाओं के साथ मॉडल सिटी के तौर विकसित होगा। काशी विश्वनाथ कॉरीडोर की तर्ज पर बनेगा। वहीं नव सृजित नगर निकायों के विकास के लिये मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना शुरू होगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी है। रामनगरी अयोध्या को विश्वनाथ कॉरीडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

### इन फैसलों पर मुहर

नगर पंचायतों के गठन व विस्तारीकरण के प्रस्ताव को पास किया गया, वाराणसी नगर निगम की सीमा का विस्तार होगा,रामनगर नगरपालिका परिषद को इसमें समाहित किया गया। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना को मंजूरी,इस योजना अंतर्गत मास्टरप्लान बनाये जाएंगे, जनप्रतिनिधियों की सलाह ली जाएगी, रोड, ड्रेनेज,स्ट्रीट लाइट्स,कम्युनिटी हॉल निर्माण,बाजार में जनसुविधाओं के कार्य हेतु,चौराहों पर जन कार्य,ओपन पार्क आदि के लिए इस योजना अंतर्गत कार्य किये जायेंगे। भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 तथा उ. प्र. नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 3 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत इन संक्रमणशील क्षेत्रों को नगर पंचायत के रूप में गठित करने तथा पूर्व से गठित नगर पंचायतों के सीमा विस्तार के प्रकरणों पर सम्यक रूप से विचार करते हुए जनपद प्रतापगढ़ में डेरवा बाजार नई नगर पंचायत का गठन करने का निर्णय लिया गया है। वाराणसी की नगर पंचायत सूजाबाद तथा नगर पालिका परिषद रामनगर की सीमाएं नगर निगम वाराणसी की सीमा से सटी होने के कारण उक्त नगर निकायों को नगर निगम वाराणसी में सम्मिलित करते हुए नगर निगम वाराणसी का सीमा विस्तार किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके फलस्वरूप नगर पालिका परिषद रामनगर तथा नगर पंचायत सूजाबाद का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उक्त के अतिरिक्त विभिन्न जनपदों में स्थित 07 नगर पालिका परिषदों तथा 02 नगर पंचायतों के सीमा विस्तार का भी निर्णय भी लिया गया है।

इन नये नगरीय निकायों के गठन और विस्तार के परिणामस्वरूप प्रदेश की नगरीय जनसंख्या में कुल 3,18,345 की वृद्धि हो जाएगी तथा इसके फलस्वरूप अब प्रदेश में कुल 751 निकाय हो जायेंगी। उक्त नगरीय निकायों के गठन तथा विस्तार से प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं के समुचित व सुनियोजित विकास में सहायता मिलेगी तथा संबंधित क्षेत्र की जनता प्रत्यक्ष रूप से विकास में योगदान प्रदान करेंगे।

## 'अहंकारी राजा' की छवि चमकाने में अरबों रुपए फूंक रही सरकार, आवाज दबाने के खिलाफ लड़ते रहेंगे: राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट लिखकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा, खुद को अकेला मत समझना, कांग्रेस आपकी आवाज है और आप कांग्रेस की ताकत। तानाशाह के हर फरमान से जनता की आवाज दबाने की हर कोशिश से हमें लड़ना है। आपके लिए मैं और कांग्रेस पार्टी लड़ते आ रहे हैं, और आगे भी लड़ेंगे। आज देश में किन मुद्दों पर विचार-विमर्श होना चाहिए, ये आप अच्छे से जानते हैं क्योंकि सरकार की हर गलत नीति का असर आपके जीवन पर पड़ रहा है। राहुल ने केंद्र पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, इस मानसून सत्र में हम सरकार से जनता के सवालों के जवाब मांगना चाह रहे थे, लेकिन आप सब ने देखा कैसे सरकार ने विपक्ष के लोगों को निलंबित करवाया, हमारी ओर से विरोध करने पर हमें गिरफ्तार करवाया, सदन स्थगित करवाया और कल जब चर्चा हुई भी तो सरकार ने साफ कहा कि 'महंगाई जैसी कोई समस्या है ही नहीं'!

### अहंकारी राजा की छवि चमकाने में अरबों रुपए फूंके: राहुल

बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस नेता ने कहा, देश बेरोजगारी की महामारी से जूझ रहा है, करोड़ों परिवारों के पास स्थिर आय का कोई साधन नहीं बचा। लेकिन सरकार सिर्फ एक अहंकारी राजा की छवि चमकाने में अरबों रुपए फूंक रही है। महंगाई और 'गब्बर सिंह टैक्स' आम आदमी की आय पर सीधा प्रहार है। आज की वास्तविकता ये है कि आम इंसान अपने सपनों के लिए नहीं बल्कि दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है।

### राहुल गांधी बोले- तानाशाही सहने की जरूरत नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि ये सरकार चाहती है कि आप बिना सवाल किए तानाशाह की हर बात को स्वीकार करें। मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूं, इनसे डरने की और तानाशाही सहने की जरूरत नहीं है। ये डरपोक हैं, आपकी ताकत और एकता से डरते हैं, इसलिए उसपर लगातार हमला कर रहे हैं। अगर आप एकजुट हो कर इनका सामना करोगे, तो ये डर जाएंगे। मेरा आपसे वादा है, न हम डरेंगे और न इन्हें डराने देंगे।

## फरमानी नाज ने उलेमाओं को जमकर लताड़ा, कहा- जब पति ने बिना तलाक दूसरी शादी की तो कोई नहीं आया

हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर हर हर शंभु% के गाने को लेकर चर्चा में आई इंडियन आइडल फेम फरमानी नाज ने उन मुस्लिम उलेमा पर पलटवार किया है जिन्होंने कहा कि फरमानी नाज को गाना नहीं चाहिए। फरमानी नाज ने कहा कि उनके पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली, मैं बच्चे का पेट पालने के लिए गाना गाती हूं। उन्होंने यह भी कहा कि आज लड़कियां आत्मनिर्भर होकर समाज में जी रही हैं, वे अपने टैलेंट के दम पर आगे बढ़ रही हैं। गाने पर देवबंद के उलेमा भड़क गए थे- दरअसल, फेमस यूट्यूब सिंगर फरमानी नाज ने हाल ही में अपने दर्शकों के लिए शिव भजन हर हर शंभू गाया था। बाद में इसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। देवबंद के उलेमा इस पर भड़क गए। मुस्लिम संगठन ने गायक के हर हर शंभू गाने को %इस्लाम के खिलाफ बताया। अब इसी पर फरमानी नाज का जवाब आया है। आजतक से बातचीत में उन्होंने करारा पलटवार किया है। फरमानी नाज ने दिया करारा जवाब- फरमानी नाज ने बताया कि उन्हें किसी ने घर आकर गाने से नहीं रोका है। बस कुछ लोग सोशल मीडिया पर इस तरह के कमेंट कर देते हैं। मैं अपने हुनर के बल पर गाने गाकर आगे बढ़ रही हूं। कभी किसी धर्म का अपमान नहीं किया।



शादी के बाद एक बेटा हुआ। बेटे को बीमारी थी, इसके बाद पति और ससुराल वालों ने छोड़ दिया। मुझे बिना तलाक दिए पति ने दूसरी शादी कर ली। इस पर कभी किसी ने मेरा दुख नहीं समझा। कलाकार का कोई धर्म नहीं होता- उन्होंने कहा कि इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। फरमानी नाज 2020 में सिंगिंग शो में दिखाई दी थीं। अब, वह सोशल मीडिया पर फैंस और फॉलोअर्स के बीच लोकप्रिय हैं। हाल ही में फरमानी ने कांवड़ यात्रा के दौरान हर हर शंभू भजन गाया। इस पर देवबंदी उलेमा ने नसीहत देते हुए कहा है कि इस्लाम में किसी भी तरह का गाना नहीं गाना चाहिए, ये इस्लाम के खिलाफ है। देवबंद स्थित मौलवी मुफ्ती असद कासमी ने कहा कि शरिया कानून के तहत गाने की इजाजत नहीं है। उलेमा ने यह भी कहा था कि कोई भी गानाद्ग गाना राम है या इस्लाम में मना है। उन्होंने कहा कि खासकर खुद को मुस्लिम मानने वाली महिला को ऐसे गाने गाने से दूर रहना चाहिए। हालांकि फरमानी ने कहा कि वे एक कलाकार हैं और उन्हें हर तरह के गीत गाने पड़ते हैं।

### कौन हैं सिंगर फरमानी नाज

फरमानी नाज अपने गृह जिले मुजफ्फरनगर की एक जानी-मानी गायिका हैं। उनकी लोकप्रियता उनके गृहनगर तक ही सीमित नहीं है, उनके यूट्यूब पर लाखों की संख्या में फैन हैं। वे इंडियन आइडल सीजन 12 में दिखाई दी थीं। इंडियन आइडल में उनकी भागीदारी ने उन्हें अपने गांव और अपने प्रशंसकों के बीच स्टार का दर्जा दिलाया। बेटे के जन्म के बाद फरमानी के पति ने उन्हें छोड़ दिया और दूसरी शादी कर ली। फरमानी का बेटा बीमार रहता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्रा घायल



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- खुटार- पड़ोसी जनपद खीरी के थाना क्षेत्र मोहम्मदी के गांव गेहुआँ नवाबी निवासी रूपराम वर्मा की पुत्री शालिनी वर्मा को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई परिजनों ने रामपुर कलाँ स्थित एक निजी चिकित्सक के पास पुत्री का इलाज करवाया है। शालिनी वर्मा रामपुर कलाँ स्थित शहीद उधम सिंह इंटर कॉलेज की कक्षा दस की छात्रा है छुट्टी के बाद घर लौटते समय खुटार-पुवायां हाइवे पर सिकलापुर इंटर कॉलेज के पास पुवायां की ओर से आ रही अज्ञात कार ने साइकिल सवार छात्रा को पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

## पीपीएल क्राइस्ट स्कूल में चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- पीटीएल क्राइस्ट एकेडमी स्कूल में आज चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 10 साल से कम उम्र के जिन बच्चों को डीटीपी बूस्टर नहीं लिया गया, उनका टीकाकरण किया गया। साथ ही शाम 4-19 बजे डॉ पुनीत रस्तोगी, राजविंदर कौर आदि के मार्गदर्शन में मेडिकल टीम द्वारा बुखार और अन्य समस्याओं वाले बच्चों की जांच की गई और आवश्यक दवा दी गई। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य तथा स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया तथा कुछ बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

## 13 अगस्त को आयोजित हो रही है राष्ट्रीय लोक अदालत

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 13 अगस्त 2022 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश श्री सौरभ कुमार वर्मा ने बताया कि नोडल अधिकारी लोक अदालत अपर जिला जज श्री इफ्तेखार अहमद ने समस्त जनता से अपील की है कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में कराएं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश श्री सौरभ कुमार वर्मा ने बताया कि 13 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित दीवानी एवं पारिवारिक मामले, 138-एन.आई.एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, लघु फौजदारी मामले, बैंक वसूली के वादों का निस्तारण सुलह समझौते एवं अभिस्वीकृति के आधार पर किया जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## ब्लॉक खुटार *प्रधान पति ने अपने समर्थकों के साथ विद्युत उप केंद्र खुटार में उप खंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- ग्राम रौतापुर कलां में लगातार बिजली के तार टूट रहे है। गांव में अनहोनी की जताई आशंका कुछ दिन पूर्व ही एक ग्रामीण अपनी भैंस को पानी पिला रहा था तभी अचानक से तार गिरने से बाल बाल बचा। गंभीर समस्या को देखते आज प्रधान पति लेखराज, विजय, पाल सिंह,संतोष मिश्र, पवन मिश्र, प्रदीप मिश्र आदि लोगों ने जेई से मिलकर समस्या को अवगत कराया। जेई के द्वारा आश्वाशन दिया गया कि जल्द नए तार पड़ेंगे।

## सांड गिरा नाले में, बमुश्किल बाहर निकाला गया



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- मेन रोड कस्बा खुटार में पाण्डेय जी की चक्की के आगे श्री अमरीक सिंह की दुकान के ठीक सामने दो सांडों की लड़ाई में एक सांड नाली में जा गिरा 40 मिनिट की मशक्कत के बाद सांड को बमुश्किल नगर पंचायत के कर्मचारियों सुनील, धनीराम, अमित,राहुल व पातीराम के द्वारा बाहर निकाला गया इस दौरान वहां लोगों का हुजूम जुड़ गया।

## आधुनिक सुविधाओं और शिक्षण सामग्री से परिपूर्ण है राजकीय पुस्तकालय



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के प्रयासों से नये कलेवर में रुपांतरित जिला राजकीय पुस्तकालय प्रतियोगी छात्रों के अध्ययन हेतु पूरी तरह तैयार हो चुका है।महिन्द्रा इजुकेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दान में प्राप्त शैक्षणिक सामग्री पुस्तकालय पहुंच गयी है। जनपद के आपदा विशेषज्ञ द्वारा इसे उपजिलाधिकारी आशुतोष को सौंपा गया जो कि अब छात्रों के अध्ययन के लिए उपलब्ध हैं। इस संस्था द्वारा छात्रों के अध्ययन हेतु बैंकिंग और एस0एस0सी0 की किताबें हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यमों में राजकीय पुस्तकालय को उपलब्ध करायी गयी हैं। इसके अलावा अग्रणी शिक्षण संस्थान कैरियर मंत्रा के डायरेक्टर इं सौरभ शर्मा द्वारा नीट, आई0आई0टी0, बैंकिंग व एस0एस0सी0 की तैयारी के लिए पूरी शिक्षण सामग्री जिलाधिकारी को दान में प्रदान की गयी हैं। जिसे भी पुस्तकालय में छात्रों के लिए उपलब्ध करवा दिया गया।

इसके अलावा जो छात्र आनलाइन माध्यम से शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं या कोई जानकारी चाहते हैं उनके लिए कंप्यूटर व इंटरनेट की भी व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने जनपद के छात्र-छात्राओं से अपील किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पुस्तकालय की सुविधाओं का लाभ उठायें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें। जिससे उन्हें अपेक्षित सफलता मिल सके।

## शातिर चोर गिरफ्तार,चोरी से 06 अदद बैटरा बरामद, ट्रक ट्रेलर सीज



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय थाना गिलौला पुलिस टीम के द्वारा मु0अ0स0 114/2022 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त संतोष मोदनवाल पुत्र नन्दलाल निवासी कस्बा बर्डपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को मुखबिर की सूचना पर तिलकपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 06 अदद बैटरा ( 05 अदद E&ide बैटरा व 1 अदद स्न स्हृह्ष्ट बैटरा ) बरामद किया गया तथा ट्रेलर ट्रक सीज किया गया। आपको बता दें कि अभियुक्त संतोष मोदनवाल रिलायंस पावर प्रोजेक्ट जनपद शाहजहांपुर से कोयले की राख को शाहजहांपुर स्थित ट्रांसपोर्टर के ट्रक ट्रेलर के माध्यम से बढ़नी राष्ट्र नेपाल मे ले जाकर खाली करने का काम करता था तथा जब वापस शाहजहांपुर को राख लोड करने के लिए जाता था तो रास्ते में सुनसान जगहों में खड़ी ट्रक के बगल में अपना ट्रेलर ट्रक को खड़ा कर ट्रकों से स्टैफनी, डीजल, बैटरा आदि सामान को चोरी कर लेता था तथा नेपाल में ले जाकर बेच देता था। ट्रेलर ट्रक यूपी 32 एफएन 7339 को सीज किया गया तथा उसमें से 6 चोरी के ट्रक के बैटरा बरामद किया गया।

## उप जिलाधिकारी जमुहा को प्रार्थना पत्र देकर ग्रामीणों ने लगाई न्याय की गुहार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- तहसील जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर सेमराहनिया के ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ता व पानी निकाल की समस्या को लेकर उप जिलाधिकारी जमुनहा को प्रार्थना पत्र दिया ग्रामीणों की मांग की सार्वजनिक मार्ग बंद पड़े हैं सबसे बड़ी समस्या पानी निकासी की है गांव में आम खास रास्ते पर पानी भरा हुआ है किसी तरफ पानी नहीं निकल रहा है हम गांव के काफी परेशान हैं इसलिए पानी निकास का रास्ता बंद है खुलवाया जाना आवश्यक है गांव की जितनी भी रास्ते हैं सभी पर जलभराव है ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी से कहने के बावजूद भी ना तो नाली बनवाई गई और ना खड़ंजा इसलिए रास्ते पर पानी निकासी न होने के कारण नाली न होने के कारण जलभराव अथवा कीचड़ भरा हुआ है जिस पर गांव की अन्य लोग जलभराव व कीचड़ में जाने के लिए मजबूर हैं इस संबंध में गांव के फारूक, रियाज अहमद, रामबरन ,चांद अली, जगराम यादव ,रोहित, कुलदीप वर्मा, राधेश्याम, जंगली प्रसाद यादव, मुबारक अली, गुलजार अहमद ,बीरबल, मोहम्मद अकरम, सुरेंद्र कुमार, महबूब ,राजित राम, अनूप कुमार ,नसीम, कोयली, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद रईस ,कमलेश, केवल राम ,लल्लन प्रसाद, विजय कुमार ,कंधई लाल, राम प्रसाद ,राम कुमार, व गांव के अन्य ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर नाली बनवाई जाने व खण्जा कि मांग किया है जिससे जलभराव की समस्या दूर हो सके इस संबंध में उप जिला अधिकारी सौरभ शुक्ला से बात करने पर बताया गया कि समस्या के निदान हेतु खंण्ड विकास अधिकारी जमुनहा को निर्देशित किया गया है

# कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागरुक करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान व भाव उजागर करना-जिलाधिकारी

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराये जाने संबंधी कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु कलेक्टेऊट सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत हुई, जिसमें जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा फहराने संबंधी कार्यक्रम को अधिक सफल बनाने हेतु उद्यमियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि उद्यमी आगे बढ़कर इस महापर्व में अपना योगदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागरुक करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान व भाव उजागर करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उद्यमियों से कहा कि आपके यहां जितने भी वर्कर हैं उनको सुनिश्चित करायेंगे कि अपनेघर पर 11 से 17 अगस्त तक तिरंगा झण्डा फहराने के संबंध में जागरुकता भी फैलाये कि देश की आजादी 75 वर्ष पूर्ण होने पर अपने घर पर झण्डा फहराये यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमें यह अवसर मिला है कि राष्ट्र के प्रति हम अपने घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रप्रेम जगाये और तिरंगा इस बात का प्रतीक है कि लोकतांत्रिक देश के नागरिक है और उस अवसर को मनाने के लिए हर घर में एक तिरंगा अवश्य फहराया जाये और इसे फेस्टिवल का रुप दिया जाये। तिरंगे के सम्मान में कोई भी कमी नही रहनी चाहिए राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक ही लगाना है और सम्मान से ही उतारकर रखना है। जिलाधिकारी ने अन्त्योदय कार्डधारकों को नि:शुल्क झण्डा उपलब्ध कराने सहित हर घर पर तिरंगा लहराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठानों की सजावट भी करें तथा जो लोग गरीब है हम उन्हें स्ट्रीट वेन्डर से झण्डा उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि फटा हुआ तिरंगा को न फहराये तथा कूडे में फटा या खराब झण्डा न फेके, झण्डे को सम्मान के साथ लगायें और उसका आदर करें। जिलाधिकारी ने बताया कि 11 अगस्त से 17 अगस्त के बाद भी झण्डा फहराया जा सकता है। झण्डे को बनाने में खादी के अलावा और भी कपड़े का उपयोग किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनती भी हर घर तिरंगे के संबंध में रिपोर्टिंग हो रही है विकास खण्ड मुख्यालय पर उतने झण्डे भी प्राप्त हो जायें। समूहों को भी कार्य स्थल पर जाकर देख ले कि कार्य की क्या स्थिति है कितने झण्डे बन गये कितने बनने शेष है तथा विकास खण्ड मुख्यालय को उपलब्ध करा दिये गये हैं। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को भी निर्देशित किया कि पूर्ति निरीक्षक झण्डे प्राप्ति का कार्य समय से सुनिश्चित कर लें तथा सभी तिरंगों का पूर्ण विवरण अपने पास रखें। जिलाधिकारी ने समस्त ई0ओ0 को निर्देश दिये कि झण्डे प्राथमिकता स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में मुहैया कराये जाये, जिससे कि राष्ट्रीयता की भावना को और बढ़ाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता बढायी जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर झण्डा कार्यक्रम के अर्न्तगत शहर के मेन चैराहों की साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक हो तथा लाईटों से सजाया जाये। नगर निगम एवं नगर निकाय यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक घर में झण्डा फहराया जाये। उन्होंने कहा कि झण्डे व डंडे का मूल्य इतना रखा जाये कि न लाभ हो न हानि हों और जो बिक्री केन्द्र खोले जाये उनका प्रचार-प्रसार भी किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता हेतु मुख्य लक्ष्य झण्डा वितरण कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर पर झण्डा फहराया जाना है।

इसके लिए लोगों को प्रेरित करें कि झण्डा खरीद कर ही फहराना है। उन्होंने कहा जनपद को दिए गये लक्ष्यों एवं आवश्यकता के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में झण्डों का निर्माण सुनिश्चित कराया जाये। बैनर, पम्पलेट, स्टैण्डी, होर्डिंग्स एवं अन्य उपयुक्त माध्यम से स्थानीय भाषा एवं बोली में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। अधिक से अधिक लोगों को अभियान में जोडे ताकि लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्टेऊट एम0पी0 सिंह, डीडीओ, जीएमडीआईसी, समस्त बी0डी0ओ0, समस्त ई0ओ0 सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण, उद्यमी एवं विभिन्न इकाईयों के प्रबन्धकगण उपस्थित रहें।

# संभल रोड पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत

मुरादाबाद-डायवर्जन खुलते ही हाईवे पर भारी वाहन फर्राटा भरने लगे हैं। चालक वाहनों को ओवर स्पीड दौड़ा रहे हैं। इसी के चलते सड़कें लोगों के खून से लाल हो रही हैं। मैनाठेर थाना क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों लोग बाइक से गमी के कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। हजरत नगर गढ़ी निवासी संजीव मजदूरी करता है। उसकी बुआ का देर रात देहांत हो गया था। मंगलवार को बाइक से वह बेटा शिव उम्र करीब 4 साल और पत्नी सोनम उम्र करीब 35 के साथ गमी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। मैनाठेर थाना क्षेत्र में ही उनकी बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल संजीव को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। मैनाठेर इंस्पेक्टर ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। सूचना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## नाग पंचमी पर नई परंपरा को लेकर तनाव, पहुंची पुलिस

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा। नगर में काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर नाग पंचमी के त्यौहार को लेकर नई परंपरा शुरू करने पर बवाल हो गया। जहां कोतवाली पुलिस ने पहुंच कर मूर्तियां कब्जे में लेकर पुलिस बल तैनात कर दिया। बुधवार की सुबह काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर मोहल्ला जाटवान को जाने वाले रास्ते में कुछ मूर्तियों की प्रतिष्ठा करने का प्रयास करते हुए पूजा अर्चना शुरू कर दी गई। पुलिस को जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और मूर्तियों को कब्जे में लेकर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। उधर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतिमा की प्रतिष्ठा नहीं की गई है केवल कुछ ईंट रखी गई थी। कार्यक्रम की कोई अनुमति नहीं ली गई थी। कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी।

## आखिरी सोमवार को जलाभिषेक के लिए जल लेने जाने लगे बेड़े

मुरादाबाद-सावन के आखिरी और चौथे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए जिन श्रद्धालुओं को हरिद्वार से जल लाना है, उन्होंने जाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को रामपुर, बरेली, मिलक आदि कई क्षेत्रों के बेड़े कांठ रोड से गुजरे। मिलक के महाकाल बेड़े के महंत पंडित महेश चंद्र ने बताया वह रात को हरिद्वार पहुंचेंगे और बुधवार की दोपहर से वापसी शुरू कर देंगे। रविवार की शाम तक अपने शिवालय पर पहुंचकर रात में ही जलाभिषेक करेंगे। उधर मुरादाबाद से जाने वाले बेड़ों की तैयारी भी तेज हो गई है। हरिद्वार से जल लाने वाले सभी बेड़े आज बुधवार को रवाना हो जाएंगे। जबकि ब्रजघाट से जल लाने वाले बेड़े कल गुरुवार और अगले दिन शुक्रवार तक अधिकांश बेड़े चले जाएंगे। इनके लिए बाहर से बुलाए गए डीजे भी आज शहर में पहुंचकर तैयारी शुरूकर देंगे। जबकि सावन के आखिरी सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए रविवार को लौटने वाले कांवड़ियों के स्वागत के लिए दिल्ली और कांठ रोड पर लगने वाले शिविरों और भंडारों के लिए टेंट आदि का सामान पहुंचना शुरू हो गया है।

## 04 व 08 अगस्त को ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के पंजीकरण हेतु कैम्पों का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - सहायक श्रमायुक्त ने अवगत कराया है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के कामगारों के पंजीकरण हेतु विशेष कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त क्रम में क्षेत्र में तैनात श्रम विभाग के समस्त अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में 03 अगस्त 2022 व 04 अगस्त 2022 को ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के पंजीकरण हेतु कैम्प का आयोजन करेंगे। उन्होंने बताया कि अपर मुख्य सचिव द्वारा सीएससी हैड मुरादाबाद को निर्देशित किया गया है कि अपने स्तर से जनपद के समस्त सीएससी केन्द्रों को निर्देशित करें कि उक्त तिथियों में असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों का नि:शुल्क पंजीकरण करना सुनिश्चित करें। ऐसे समस्त असंगठित क्षेत्र के कामगार अपने नजदीक जनसेवा केन्द्र पर अपना आधार कार्ड /बैंकी पासबुक /मोबाइल नम्बर ले जाकर अपना पंजीकरण कराये। यह भी अवगत कराना है कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का आयुष्मान कार्ड में जनसेवा केन्द्रों पर बनाये जा रहे हैं।

अन्य खबरों के लिए देखे. WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Necessary changes

The reshuffle going on in the West Bengal cabinet is as natural as it has deep implications. Four new ministers can be included in Chief Minister Mamata Banerjee's team. On the other hand, some veteran leaders will be removed from the cabinet and sent to the party organization. The reshuffle was necessitated after senior minister Partha Chatterjee got embroiled in a tragic controversy or cash scandal. As soon as Partha Chatterjee was arrested on July 23, trouble arose for the Mamata government. Big questions were raised on the morality of the West Bengal government. The recovery of such a huge amount at the places belonging to a minister is not only sad but also very shameful. It is worth noting that there was already a complaint about 'cut money' in West Bengal, but after the elections, this matter was kind of forgotten. The indication was that the ministers in West Bengal are not avoiding corruption. The difference between the words and deeds of the leaders has become clear in front of the people. The image of the Government of West Bengal has been friendly to the common man. Even Mamata Banerjee is considered to be the grassroots leader of the common people. When the word Trinamool is included in the name of the party, then the expectations of the people also increase a lot, but the Partha Chatterjee incident has left deep stains on the party. Will the upcoming reshuffle wash away the stains? It is worth noting that Mamata Banerjee is trying to make her party stand out as a strong alternative at the national level. He will not only have to keep his new cabinet honest, but also send a clear message to the public that his government is honest. There have been big satraps in the states in the past, in which the potential for central politics was seen, but corruption has played a big role in absorbing the aura of such satraps at the local level itself. To be established at the central level, one has to be well established at the state level first. The current Prime Minister Narendra Modi had also established his image as a development man while being the Chief Minister.

How is the image of Mamata Banerjee on the development front in her state? And above all the allegations of corruption on his ministers are sad for Indian politics. Have the Trinamool leaders got the illusion that the people forgive the allegation of corruption? Consider, despite cases like Saradha and Narada, Trinamool has won the election. Not only this, some of the accused of these scams in the state have also been included in the BJP with respect. Therefore, a message has gone out among the party workers and leaders that people do not consider corruption as an issue. The challenge of forming an honest cabinet before Mamta Banerjee is actually the challenge of Indian politics. The country needs honest ministers.

We know very well that money is raining in the country, but this rain is for the development of the country and not for the personal development of any ministers. There will be many Partha Chatterjees in other ministries of the country, who must have forgotten why they have been elected. Such ministers have to be identified. There is a need for fair investigation and action to ensure the integrity of ministers. Therefore, not only in Bengal, but in the entire country, the need of the hour is to reshuffle according to honesty.

## Mallika sherawat made a shocking disclosure, said - if the hero calls home at 3 o'clock in the night, then he will have to go or else....



Every day the same news comes to surprise from the entertainment world. The stars keep telling their ordeal by opening the raw material of Bollywood. So far, many stars have come forward about the casting couch. Even many actresses told that they were also asked to do many compromises to work in films. In the meantime, now 'Murder' actress Mallika Sherawat has also opened the raw material of Bollywood. Everyone was surprised to hear the revelations he made about the casting couch. Mallika told what the actress has to do to save her role. I don't want to be a part of someone's whims - Mallika Sherawat spoke openly about the casting couch in her interview to Hindustan Times. He said, "All A-lister actors refused to work with me because I refused to compromise. Actors like heroines they can control and be ready to compromise with. But I am not like this, nor is my personality like that. I don't want to subject myself to someone's whims and fantasies and be a part of it. Will have to reach the hero's house at 3 o'clock in the night - Mallika Sherawat further said, 'If the A-lister actors say sit, stand, anything. You have to If the hero calls you at 3 o'clock and says 'Aao to my house', then you have to go, if you are in that circle and if you are doing that film. If you don't go, you are thrown out of the film.' Let us tell you that Mallika Sherawat's film 'Rk/Rkay' was released recently. No one even knew when his film came and when it went away.

## Alia Bhatt angry over bra hiding comment, tell many shocking secrets of Bollywood!



Bollywood actress Alia Bhatt is quite outspoken about her feelings and thoughts. In a recent interview, Alia Bhatt revealed how common it has become in the industry to pass sexist remarks on someone without any reason. Alia told that it is very uncomfortable to hear such things. While earlier he was not aware of these things, later he realized all these things."People ask to hide bras and not to put them on the bed- Alia Bhatt told in an interview that people say things like hiding bras and not keeping them on the bed very easily. Alia Bhatt told that women are asked to hide many things. Alia Bhatt said, 'Why hide? These are clothes, you are flaunting your underwear in front of everyone and I am not saying anything.' A woman has to hide a lot of things - Alia Bhatt said, 'It is not that I have been treated very actively like this but there should be an understanding that as a woman you have to hide so many things.' Alia Bhatt told that sometimes she becomes very sensitive. These things made him sensitive, due to which he gets angry at times. Friends ask why so much anger? - Alia Bhatt said, 'Many times my friends ask me what is the problem with you? Why have you become so angry?' Alia Bhatt also expressed anger over the fact that people tell her things like not being sensitive or being too sensitive. They get very angry over these things.

# न्याय पंचायत स्तर पर गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु 14 अगस्त तक होगा विशेष कैम्पों का आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी डा0 अवधेश कुमार बाजपेयी ने सूचित किया है कि सचिव उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु 25 जुलाई से अभियान शुरू हो चुका है, जो आगामी 14 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान जनपद के पंजीकृत 23901 श्रमिकों के 18169 अर्ह परिवारीजनों के गोल्डन कार्ड बनाये जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। सीडीओ ने बताया कि बोर्ड मुख्यालय से प्राप्त विकास खण्डवार, नगर निकायवार सूची मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सी0एस0सी0 एवं ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, एटा को सॉफ्ट कॉपी एक्सल सीट में प्रेषित की जा चुकी है। न्याय पंचायत स्तर पर संबंधित निर्माण श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु उक्त अवधि में विशेष कैम्पों का आयोजन किया जाना है। बोर्ड के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के डाटा को राशन कार्ड से लिंक किया जा चुका है। सीडीओ ने गोल्डन कार्ड बनाए जाने हेतु नामित किए गए कार्मिकों को निर्देशित किया है कि वे अपने आवंटित प्रत्येक न्याय पंचायत में संबंधित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से मोबाइल पर अवगत करायें कि वे नियत अभियान तिथि में कैम्प आयोजन में उपस्थित होकर अथवा नजदीकी जन सुविधा केन्द, राशन डीलरों, वी0एल0ई0 एवं आरोग्य मित्र के यहाँ से अपना आयुष्मान कार्ड, गोल्डन कार्ड अभियान अवधि में आवश्यक बनवा लें। समस्त सी0एस0सी0 मैनेजर विशेष ध्यान रखें कि निर्धारित अभियान में कैम्प स्थलों पर यदि अतिरिक्त वी0एल0ई0 की आवश्यकता पड़ती है, तो शीघ्र अतिरिक्त वी0एल0ई की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगें।-

# काउंसलिंग कर टूटने के कगार पर खड़े एक परिवार को जोड़ा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-परिवार परामर्श केंद्र एटा ने काउंसलिंग कर टूटने के कगार पर खड़े एक परिवार को जोड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित *परिवार परामर्श केंद्र एटा* में आज एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया गया, मामला ग्राम भरतौली थाना रिजोर जनपद एटा का है जहां की रहने वाली हेमलता पुत्री श्याम सुंदर पचौरी की शादी शिवम पांडे पुत्र श्री राम देव पांडे निवासी ग्राम सिराऊ थाना जैथरा जनपद एटा के साथ हुई थी ,दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर वाद विवाद चल रहा था जिस पर दोनों को बुलाकर काउंसलिंग की गई ,आज दोनों के बीच मतभेद दूर कराकर खुशी खुशी विदा किया गया आपसी मतभेद दूर करते हुए दोनों साथ साथ रहने को तैयार हो गए दोनों को समिति के सामने से विदा किया गया, आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती नंदनी सिंह काउंसलर सचैन्द्र गुप्ता , प्रीति अमोरिया , सीमा मल्होत्रा व अकरम खान, हैड कांस्टेबल मीना रानी , महिला आरक्षी पूजा के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# गरीबो के लिए संजीवनी है आयुष्मान योजना- पंकज कुमार एडवोकेट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- जनपद एटा के निधौली कलां कस्बा क्षेत्र में मोहल्ला सदुपुरा में शिव मंदिर प्रांगण में पंचायत विकास संस्थान और एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना पर चर्चा की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर चेयरमैन देवी लाल लोधी ने की ,और मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद हाईकोर्ट के एडवोकेट पंकज उपाध्याय रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर के युवा एडवोकेट देवेंद्र लोधी ने किया। इस अवसर पर देव लाल लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना गरीबों के लिए लाभकारी योजना है। सरकार द्वारा चलाया गया प्रोग्राम सराहनीय कदम है इस जागरूकता अभियान के लिए पंचायत विकास संस्थानऔर आदरी को बधाइयां।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि गरीबों के लिए संजीवनी है आयुष्मान योजना। यह केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना वास्तविक रुप से गरीब मजदूर लोगों के लिए है। जो किसी भी परिस्थिति में अपना ?500000 तक का फ्री इलाज कराने के लिए हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं आज उनके लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए संजीवनी बन गई है। इसलिए सभी पात्रों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाना चाहिए। यह योजना श्रम विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से भी आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसमें जो श्रम विभाग में पंजीकृत मजदूर हैं उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी यादवेंद्र विक्रम ने भी जिले में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का संचालन करने के लिए श्रम बंधु समिति के सदस्यगण और विभाग के सभी लोगों को लगा दिया है। उन्होंने कहा है कि 15 अगस्त तक श्रम विभाग के सहयोग से 18000 श्रमिकों के प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर के युवा एडवोकेट देवेंद्र लोधी, सुरेश, किशोरी लाल,गोपी चंद्र राजपूत ,सौदान सिंह वर्मा, सोमेश कुमार ,,हरी बाबू ,विनोद कुमार, देवेंद्र कुमार,रामौतार,मोहित, रामवीर, विपिन कुमार,हरपाल सिंह,रवि कुमार, पवन कुमार, मंजू,अशोक कुमार, गोपाल लोधी,राजवीर उर्फ राजी, विकेश कुमार, योगेन्द सिंह,कमलकांत वर्मा, शांति स्वरूप, राजेश, उमेश जितेंद्र, करन सिंह, होडल सिंह, ऊषादेवी ,नितेश कुमारी, नीरज देवी,सांध्य राजपूत,ब्रजेश कुमारी,के साथ अन्य महिलाएं आज सैकड़ों लोग उपस्थित रहे

# महादेव मंदिर से चोरी की घटना न खुलने पर थानाध्यक्ष सकरोली ने खुद चढ़ाया घन्टा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- घटना न खुलने पर थानाध्यक्ष ने खुद चढ़ाया महादेव मंदिर से चोरी की घटना न खुलने पर थानाध्यक्ष सकरोली ने खुद चढ़ाया घन्टा महादेव मंदिर से हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश करने में असफल रहने पर थानाध्यक्ष ने भोले भक्तों के साथ मिल मंदिर में पूजना अर्चना कर चढ़ाया खुद घन्टा ।बतादें कि सकरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव इसौली स्थित वनखंडेश्वर महादेव मंदिर पर गत 27 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर में लगे घंटों को चोरी कर लिये, दूसरे दिन सुबह पूजा करने गए महादेव भक्तों को घटना की जानकारी हुई तो दी गई तहरीर पर थाना सकरौली में मामला पंजीकृत किया गया ।चोरी की खबर पर क्षेत्राधिकारी जलेसर इरफान नासिर खान एवं तहसीलदार अजीत कुमार मौके पर पहुचे, साथ ही पावन सावन मास में शिव मंदिर से चोरी के मामले को गंभीरता से लेते हुए खुद अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा एवं एडीएम आलोक कुमार सिंह भी इसौली शिव मंदिर पहुचे और घटना के खुलासे हेतु इलाकाई पुलिस को आदेशित किया ।पुलिस ने रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और घटना के खुलासे के प्रयास किये ।

# चोरी की 12 बाईक सहित तीन शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता, थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा चोरी की 12 बाईक सहित तीन शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा तीन शातिर अभियुक्तगण 1. अखिलेश पुत्र राजबहादुर नि0 नगला गोकुल को0नगर जनपद एटा 2.अजय कुमार उर्फ बबलू पुत्र संतोष कुमार नि0 बडौली थाना मिरहची जनपद एटा 3.संजीव प्रकाश उर्फ टिन्कू पुत्र वेद प्रकाश नि0 असरौली थाना को0देहात जनपद एटा को चोरी की 12 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार दिनांक 01.08.2022 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर तीन शातिर अभियुक्तगणों को चोरी की 12 बाईक जिनके नम्बर परिवर्तित कर सही के रूप में बेचने वाले तीन शातिर अभियुक्त मय रेती ,हथौडी व अन्य औजारो सहित नगला समन मोड एटा- आगरा रोड चौकी क्षेत्र जावडा थाना कोतवाली देहात क्षेत्र एटा समय करीब 17.45 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 265/2022 धारा 411/414/420/468/471 भादवि व 41/102 सीआरपीसी पंजीकृत कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# क्षेत्र में कम बारिश होने से सूखा घोषित करने की उठी मांग किसान नेता ने सौंपा ज्ञापन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- भैयाथान- राज्य सरकार द्वारा तहसीलो को सुखा घोषित का आदेश आते ही विभिन्न तहसीलों को सुखा घोषित किए जाने की मांग उठने लगी है। मिली जानकारी अनुसार किसान नेता सुनील साहू व भाजपा मंडल अध्यक्ष मार्तंड साहू ने जिले के कलेक्टर के नाम तहसीलदार ओपी सिंह को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि तहसील अंतर्गत आने वाले ग्रामों में विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बहुत कम बारिश हुई है जिससे किसान अपने रोपाई का कार्य आज तक नही कर पाया है जबकि कुछ ग्राम के सक्षम किसान जहां नदी नाले व जल स्रोतों के संसाधन के सहारे रोपाई कार्य कर लिए हैं लेकिन उनकी लागत भी बढ़ गई परंतु उन्हें भी जल वर्षा की आवश्यकता है। तहसील अंतर्गत कई ग्राम तो ऐसे भी हैं जहां आज तक रोपाई कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है ऐसे में राज्य सरकार को तत्काल भैयाथान तहसील को भी सूखा क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। इस दौरान जनपद सदस्य हृदय सिंह,गनपत पाटिल,राकेश पाठक,नधीर पैकरा,लालचंद शर्मा,बालेश्वर सिंह,विष्णु सहित कई लोग उपस्थित रहे। कांग्रेस का मिला समर्थन- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजू गुप्ता व जनपद सदस्य कृष्ण मुरारी साहू ने भी तहसील भैयाथान को सूखा घोषित किए जाने का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है बल्कि ग्राम स्तर पर खंड वर्षा हुआ है जिसके कारण कृषि कार्य नहीं हो पाए हैं ऐसे में तहसील भैयाथान को भी सूखा ग्रसित क्षेत्र घोषित करना चाहिए।

# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने जनदर्शन में आमजनता की सुनी समस्या



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने सोमवार को पुलिस जनदर्शन का आयोजन कर आमजनता की समस्याओं को बड़े आत्मीयता के साथ सुना और उसके त्वरित निराकरण के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रेमनगर निवासी एक व्यक्ति ने झूठे मामले में फंसाने, ग्राम फुलकोना निवासी व्यक्ति ने गांव के कुछ व्यक्तियों के द्वारा जातिगत गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने, रामानुजनगर निवासी एक महिला ने जिला कोरिया निवासी एक व्यक्ति के द्वारा विधि विरूद्ध तरीके से भूमि हड़पने एवं ग्राम कर्री चलगली बलरामपुर निवासी एक महिला ने अपने पति व परिजनों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर मूल्यवान वस्तु को जबरन अपने कब्जे में लेते हुए घर में नहीं रखने तथा जान से मारने की धमकी देते हुए प्रताड़ित करने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों का शिकायतों का जल्द से जल्द कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए।

# 16 लाख के इनामी कपल ने किया सरेंडर, 14 नक्सली हमलों में रहे शामिल; 175 जवान हुए थे शहीद

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार को पुलिस के समक्ष एक माओवादी कपल ने समर्पण किया है। इन दोनों माओवादियों पर 8-8 लाख रुपये के इनाम घोषित किये गए थे। समर्पण करने वाले माओवादियों में पुरुष का नाम सलवम मुत्ता उर्फ सुक्कू व महिला माओवादी का नाम गंगी बताया जा रहा है। समर्पण के बाद दोनों माओवादियों से हुई पूछताछ व अन्य जानकारी के आधार पर पुलिस ने कई अहम जानकारियां उपलब्ध करवाई हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों माओवादी समर्पण से पहले दक्षिण बस्तर के बटालियन नंबर 01 में सक्रिय थे। सुक्कू 16 वर्षों से व गंगी 10 वर्षों से संगठन में काम कर रहे हैं। साल 2009 से अब तक दोनों ने लगभग 14 अलग-अलग नक्सली हमले में अपनी भूमिका निभाई है। जिसमें कुल 175 जवान शहीद हो चुके हैं। इन घटनाओं में ताड़मेटला और टेकलगुड़ा जैसी घटनाएं भी शामिल हैं, जिसमें 76 और 22 जवान शहीद हुए थे। जानकारी के अनुसार, टेकलगुड़ा हमले के दौरान सुक्कू हिड़मा के सुरक्षा दस्ते में मौजूद था। सुक्कू फ़िलहाल बटालियन की कंपनी नंबर 01 के सेक्शन %ए% का कमाण्डर था और उसकी पत्नी बटालियन के कृषि टीम की सदस्य थी। इन दोनों को माओवादियों ने कम उम्र में ही संगठन के बाल संघम टीम से जोड़ दिया था। जहां आगे चलकर दोनों ने शादी कर ली थी।

### बटालियन हो रहा कमजोर इसलिए किया समर्पण

माओवादी संगठन में बटालियन की भूमिका काफी अहम है और



बटालियन के कंपनी से जुड़े लाखों के इनामी माओवादियों के समर्पण करने को बड़ी सफलता से जोड़ कर देखा जा रहा है। इस समर्पण में एसटीएफ की भूमिका भी काफी अहम मानी जा रही है। एसटीएफ एसपी विजय पांडेय ने इस समर्पण पर बताया कि दोनों ही माओवादियों से लंबी बातचीत हुई है और संगठन के संबंध में कई अहम खुलासे भी हुए हैं। एसपी विजय पांडेय के अनुसार समर्पण के बाद सुक्कू ने बताया कि संगठन का बटालियन अब लगातार कमजोर होता जा रहा है। दअरसल जिस उद्देश्य को लेकर 2008 में बटालियन का निर्माण किया गया था वह अब पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। साथ ही अब बटालियन की कंपनियों का क्षेत्र भी सिमटता जा रहा है। खुलासा हुआ है जिससे भविष्य में नक्सल ऑपरेशन में काफी मदद मिलने की उम्मीद है। वहीं समर्पण पर नक्सल एएसपी किरण चौहाण ने बताया कि इन्हें अभी दस-दस हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी गई है और जल्द ही इन्हें समर्पण नीति का लाभ भी दिलवाया जाएगा।

# राजकीय इंटर कॉलेज बरेली में ब्रह्माकुमारीज के द्वारा वृक्षारोपण किया गया



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- ज ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज में कल्पतरूह अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी पार्वती दीदी ने बच्चों को पर्यावरण एवं नैतिक मूल्यों के बारे में बताया कि हमे शिक्षा के साथ अपने संस्कारों को अच्छा बनाना है । उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हम एक पौधा अवश्य लगाएं अ ौर उसकी एक बच्चे की तरह देखभाल करें। कॉलेज की प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने ब्रह्माकुमारी बहनों के साथ वृक्षारोपण किया एवं संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर पौधो का वितरण भी किया गया।

# थाना भटगांव पुलिस ने 3 क्विंटल चोरी का कबाड़ सहित 4 लोगों को किया गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अवैध कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लगाने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे जिसके बाद से ही थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा अवैध धंधे पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में दिनांक 02.08.2022 को थाना भटगांव पुलिस को सूचना मिला कि पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 6063 एवं 2 पेंथर मोटर सायकल में सीएचपी खदान भटगांव से लोहे का कबाड़ चोरी कर अम्बिकापुर ले जा रहे है। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर पिकअप एवं 2 पेंथर मोटर सायकल को रोककर पूछताछ किया गया। पिकअप वाहन के पप्पू निशाद पिता श्याम सुन्दर उम्र 35 वर्ष, रवि राजवाड़े पिता बेचूराम उम्र 24 वर्ष निवासी बाजारपारा भटगांव व पेंथर मोटर सायकल चालक मुनचुन उर्फ मुन्ना पिता श्याम सुन्दर निशांत उम्र 22 वर्ष व बिना नंबर पेंथर चालक सागर विश्वकर्मा पिता जगरनाथ उम्र 19 वर्ष निवासी बाजारपारा भटगांव ने बताया कि सीएचपी खदान भटगांव से लोहे का कबाड़ चोरी कर बिक्री करने ले जा रहे थे जो चोरी का होने के पूर्ण संभावना पर धारा 41( 1-4 )/379 भादसं के तहत कार्यवाही कर पिकअप वाहन व पेंथर मोटर सायकलों से कुल 3 क्विंटल लोहे का कबाड़ कीमत 30 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त तीनों वाहनों को जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, एसआई बृजमोहन गुप्ता, एएसआई गुरू प्रसाद यादव, आरक्षक मनोज जायसवाल, रजनीश पटेल, भोला राजवाड़े, जगत पैंकरा, ताराचंद यादव, हेमन्त सिंह व कैलाश यादव सक्रिय रहे।